## जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत गठित समिति की दिनांक 18.06.2026 को आहूत बैठक का कार्यवृत्त

पत्रांक– 01 / लैख्य /01 दिनांक 20-6-2026

जनपद फर्रूखाबाद में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यों की समीक्षा बैठक दिनांक 18.06.2026 को आहूत हुई। समीक्षा बैठक में उपस्थित सदस्यों का विवरण निम्नवत् है:–

1. जिलाधिकारी, फर्रूखाबाद । (अध्यक्ष)
2. मुख्य विकास अधिकारी, फर्रूखाबाद। (उपाध्यक्ष)
3. जिला पंचायत राज अधिकारी, फर्रूखाबाद । (सदस्य)
4. जिला विकास अधिकारी, फर्रूखाबाद। (सदस्य)
5. अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), फर्रूखाबाद। (सदस्य सचिव)
6. श्री सिद्धार्थ बिसवल, डी0पी0एम0, मै0 बी0एल0जी0, कन्स्ट्रक्शन सर्विसेज प्रा0लि0,फर्रूखाबाद। (टी0पी0आई0)
7. श्री सौरभ, डी0पी0एम0यू0 फर्रूखाबाद । (डी0पी0एम0यू0)
8. श्री अशोक शर्मा, पी0एम0, मै0 जी0वी0पी0आर0 इंजी0 लि0, हैदराबाद। (निर्माण एजेन्सी)
9. श्री अशोक सिंह, पी0एम0, मै0 जी0वी0पी0आर0 इंजी0 लि0, हैदराबाद। (निर्माण एजेन्सी)
10. श्री प्रताप,डी0पी0एम0, मै0 वी0टी0एल0 गजा इंजी0 लि0, नोएडा। (निर्माण एजेन्सी)

1. सर्वप्रथम अधोहस्ताक्षरी द्वारा अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0, जल निगम(ग्रामीण), फर्रूखाबाद से समस्त जल जीवन मिशन अन्तर्गत कार्यरत एजेंसी के समस्त स्टॉफ हेतु पूँछा गया जिस पर अधिशासी अभियन्ता जल निगम ग्रामीण, कार्यरत एजेंसी फेज–02 मै0 जी0वी0पी0आर0, फेज–03 में मै0 वी0टी0एल0 गजा, जिला समन्वयक एवं अनुश्रवण इकाई, मेंधज टैक्नों कान्सेप्ट (डी0पी0एम0यू0), बी0एल0जी0 कन्स्ट्रक्शन प्राइवेट लि0, (टी0पी0आई0) स्टाफ से परिचय कराया गया समीक्षा के दौरान मौजूद फेज–02 के प्रोजेक्ट मैनेजर श्री अशोक शर्मा एवं श्री अशोक सिंह एवं फेज–03 के के प्रतिनिधि श्री प्रताप सिंह , श्री सिद्धार्थ बिसवल–डिस्ट्रिक्ट प्रोजेक्ट मैनेजर (टी0पी0आई0) फर्रूखाबाद उपस्थित रहे।
2. अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0, जल निगम(ग्रामीण), फर्रूखाबाद द्वारा जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत फेज–02 एवं फेज–03 में कराये जा रहे समस्त कार्यो की प्रगति से अधोहस्ताक्षरी को अवगत कराया गया। दोनों एजेंसियों द्वारा कराये गये कार्यो की प्रगति का विवरण निम्नवत् है–

**फेज–02 की प्रगति का विवरण:–**

| Sr.No | Work Detail | Unit | Scope/Target | Achievement | Work Done |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Boundary Wall | Nos. | 227 | 211 | 93% |
| 2 | Tubewell | Nos. | 255 | 255 | 100% |
| 3 | Pump House | Nos. | 255 | 244 | 95% |
| 4 | Solar Installation | Nos. | 227 | 205 | 90% |
| 5 | Automation System | Nos. | 227 | 30 | 13% |
| 6 | HDPE Pipe Laying | Km. | 1819 | 1702 | 93% |
| 7 | House Connections | Nos. | 117748 | 114485 | 97.23% |
| 8 | Road Restoration | Km. | 817 | 760 | 93% |
| 9 | Regular Water Supply | Nos. | 400 | 232 | 58% |
| 10 | Har Ghar Jal Status | Nos. | 400 | 279 Reported<br>61 completed | 15% |
| 11 | O&M Schemes | Nos. | 227 | 4 | 1.76% |

Scanned with OKEN Scanner

फेज–03 की प्रगति का विवरणः–

| Sr.No | Work Detail | Unit | Scope/Target | Achievement | Work Done |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Boundary Wall | Nos. | 168 | 162 | 96% |
| 2 | Tubewell | Nos. | 168 | 167 | 99% |
| 3 | Pump House | Nos. | 168 | 166 | 99% |
| 4 | Solar Installation | Nos. | 124 | 124 | 100% |
| 5 | Electricity Installation | Nos. | 27 | 23 | 85.18% |
| 6 | Automation System | Nos. | 168 | 162 | 96% |
| 7 | HDPE Pipe Laying | Km. | 1722.63 | 1680.54 | 98% |
| 8 | House Connections | Nos. | 82452 | 81272 | 98.56% |
| 9 | Road Restoration | Km. | 852.90 | 832.42 | 98% |
| 10 | Regular Water Supply | Nos. | 318 | 253 | 79.55% |
| 11 | Har Ghar Jal Status | Nos. | 318 | 309 Reported<br>166 completed | 52.20% |
| 12 | O&M Schemes | Nos. | 151 | 118 | 78.14% |

3. अधोहस्ताक्षरी द्वारा जल जीवन मिशन फेज–02 के अन्तर्गत में कार्यरत एजेंसी मै0 जी0वी0पी0आर0 के प्रोजेक्ट मैनेजर श्री अशोक सिंह द्वारा एजेंसी में कार्यरत तकनीकी स्टॉफ एवं सुपरवाइजर्स की संख्या पूँछी गई जिस पर प्रोजेक्ट मैनेजर द्वारा अधोहस्ताक्षरी को अवगत कराया गया कि एजेंसी में 06 सहायक अभियन्ता एवं 10 जू0इंजी0 एवं 08 सुपरवाइजर्स कार्य हेतु तैनात है साथ ही जल जीवन मिशन के अन्तर्गत फेज–03 में कार्यरत एजेंसी मै0 वी0टी0एल0 गजा के डिस्ट्रिक्ट प्रोजेक्ट मैनेजर द्वारा एजेंसी में 02 डिस्ट्रिक्ट प्रोजेक्ट मैनजर, 04 सीनीयर इंजीनियर, 15 इंजीनियर एवं 46 सुपरवाईजर्स ब्लाकवार तैनात होना अवगत कराया गया ।
4. अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0, जल निगम(ग्रामीण) द्वारा विगत माह में अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई DWSM की बैठक में दिये गये निर्देशों के क्रम में अधोहस्ताक्षरी के समक्ष कार्यदायी फर्म द्वारा उपलब्ध कराया गया बार–चार्ट प्रस्तुत किया गया जिसमें फर्म द्वारा पूर्व मे पूर्ण की जा चुकी पेयजल योजनाओं को भी सम्मिलित किये जाने पर अधोहस्ताक्षरी द्वारा रोष व्यक्त किया गया तथा पुनः योजनावार व कम्पोनेंटबार वार–चार्ट प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया।
5. अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0, जल निगम(ग्रामीण) द्वारा अधोहस्ताक्षरी को मै0 जी0वी0पी0आर0 फेज–02 के अन्तर्गत कार्यो की प्रगति से अवगत कराया गया जिसमें 227 नग उच्च जलाशय के सापेक्ष मात्र 71 नग पर ही कार्य पूर्ण किया गया है साथ ही 227 नग पेयजल योजनाओं के सापेक्ष मात्र 04 पेयजल योजनाओं को O&M (संचालन एवं अनुरक्षण में) में ले जाया जा सका है साथ ही हर घर जल प्रमाणीकरण का कार्य भी वर्तमान तक 61 राजस्व ग्रामों में ही हुआ है। अत्यन्त कम प्रगति पर अधोहस्ताक्षरी द्वारा रोष प्रकट किया गया साथ ही वितरण प्रणाली बिछाये जाने हेतु तोड़ी गई सड़को में मरम्मत का कार्य शतप्रतिशत पूर्ण न होने पर भी कार्यरत एजेंसी पर कठोर कार्यवाही करने हेतु अधिशासी अभियन्ता को निर्देशित किया गया ।
6. अधोहस्ताक्षरी द्वारा फेज–02 में 227 के सापेक्ष मात्र 30 नग योजनाओं पर आटोमेशन सिस्टम इन्स्टाल होने पर फर्म के प्रतिनिधि को कड़ी चेतावनी देते हुये अवशेष आटोमेशन सिस्टम को अतिशीघ्र इन्स्टाल करने हेतु निर्देशित किया गया।
7. अधोहस्ताक्षरी को एजेंसी द्वारा धीमी प्रगति का संतोषजनक उत्तर न मिलने पर अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0, जल निगम(ग्रामीण), को मै0 जी0वी0पी0आर0 के विरूद्ध कठोर कार्यवाही के साथ जनपद से ब्लैकलिस्ट/डिबार करने हेतु शासन को पत्र प्रेषित करने हेतु निर्देशित किया गया।
8. अधोहस्ताक्षरी द्वारा पेयजल येजनाओं पर लगी हुई श्रमशक्ति के संबंध में पूँछने पर अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0, जल निगम(ग्रामीण) द्वारा आवश्यकता से कम श्रमशक्ति होना बताया जिस पर अधोहस्ताक्षरी द्वारा रोष व्यक्त किया गया साथ ही कार्यदायी फर्म मै0 जी0वी0पी0आर0 को श्रमशक्ति बढ़ाने हेतु निर्देशित किया गया जिस पर फर्म के प्रतिनिधि श्री अशोक सिंह ने श्रमशक्ति बढ़ाने हेतु आश्वासन दिया गया।

Scanned with OKEN Scanner

9. अधोहस्ताक्षरी द्वारा मै0 जी0वी0पी0आर0 की 75% - 100% के बीच पूर्ण योजनाओं को O&M (संचालन एवं अनुरक्षण में) में अतिशीघ्र ले जाने हेतु निर्देश दिये गये जिस पर फर्म के प्रोजेक्ट मैनेजर श्री अशोक शर्मा एवं श्री अशोक सिंह द्वारा कुछ ग्राम पंचायतों के प्रधानों एवं ग्राम सचिव द्वारा हर घर जल प्रपत्र पर योजनाओं के समस्त कार्य पूर्ण होने के उपरान्त भी हस्ताक्षर न करने के संबंध में अधोहस्ताक्षरी को अवगत कराया गया जिस पर अधोहस्ताक्षरी द्वारा समीक्षा बैठक में उपस्थित डी0पी0आर0ओ0 श्री कपिल कुमार को फर्म के माध्यम से प्राप्त हर घर जल किये जाने वाले ग्रामों के ग्राम प्रधानों से समन्वय स्थापित करते हुये योजनाओ को हर घर जल कराने हेतु निर्देशित किया गया।

10. अधोहस्ताक्षरी द्वारा मै0 जी0वी0पी0आर0 के प्रोजेक्ट मैनेजर को निर्देश दिये गये कि जिन योजनाओं पर उनके द्वारा कार्य प्रारम्भ किया जा चुका है अथवा जो योजनायें 50% से अधिक पूर्ण की जा चुकी है उन्हे दिसम्बर, 2026 तक समस्त कार्यो सहित पूर्ण कराना सुनिश्चित करें साथ ही जिन योजनाओं का कार्य 25% अथवा उससे कम है उन्हे समस्त कार्यों सहित मार्च , 2027 तक पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

11. अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0, जल निगम(ग्रामीण) द्वारा फेज-03 के कार्यो एवं प्रगति के संबंध में अधोहस्ताक्षरी को अवगत कराया गया साथ ही अधोहस्ताक्षरी द्वारा मै0 वी0टी0एल0 गजा द्वारा कराये गये कार्यो पर संतोष व्यक्त किया गया ।

12. फेज-03 मे अवशेष 03 नग योजनायें क्रमशः गौसरपुर नगला दाऊद, पथरामई, अलियापुर के संबंध में जानकारी मांगने पर अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0, जल निगम(ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि गौसरपुर, नगला दाऊद में उच्च जलाशय निर्माण हेतु भूमि का वाद मा0 न्यायालय में विचाराधीन होने के कारण वर्तमान में कार्य कराया जाना संभव नही। इसी प्रकार पथरामई के विषय में अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि पथरामई पेयजल योजना पर आवंटित भूमि पर प्रक्रिया लखनऊ वन विभाग मुख्यालय पर लंबित है जिसकी स्वीकृति आपेक्षित है। इसके अतिरिक्त अलियापुर पेयजल योजना पर रेलवे विभाग द्वारा रोक लगाने के फलस्वरूप रेलवे विभाग से स्वीकृति हेतु प्रक्रिया की जा रही है वर्तमान में स्वीकृति हेतु आवश्यक प्रपत्र रेवले विभाग बरेली में प्रेषित किये जा चुके है, जिसकी स्वीकृति आपेक्षित है।

13. अधोहस्ताक्षरी द्वारा अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0, जल निगम(ग्रामीण) से जनपद में प्रस्तावित एफ0एच0टी0सी0 के सापेक्ष प्रगति एवं हर घर जल की प्रगति हेतु पूँछा गया जिस पर अधिशासी अभियन्ता द्वारा जनपद में कुल प्रस्तावित 252320 नग गृहसंयोजना के सापेक्ष 247203 नग गृहसंयोजन का कार्य पूर्ण बताया गया जिसकी प्रगति का प्रतिशत 97.97 % बताया गया साथ ही हर घर जल प्रमाणीकरण मै0 जी0वी0पी0आर0 61 नग एवं मै0 वीटी0एल0 गजा 166 नग का कार्य पूर्ण बताया गया जिस पर अधोहस्ताक्षरी द्वारा जल्द से जल्द गृहसंयोजन का कार्य शत्प्रतिशत पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया साथ ही योजनाओं के अन्तर्गत समस्त कार्यो को जल्द से जल्द पूर्ण कर O&M(संचालन एवं अनुरक्षण) में ले जाने हेतु भी निर्देशित किया गया ।

14. अधोहस्ताक्षरी द्वारा जल जीवन मिशन के अन्तर्गत निर्मित पेयजल योजनाओं को मा0 विधायकगणों द्वारा लोकार्पण कराने हेतु निर्देश दिये गये।

**धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक सम्पन्न हुई।**

**जिलाधिकारी / अध्यक्ष**
**"जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन" समिति**
**फर्रूखाबाद**

## कार्यालय जिलाधिकारी, फर्रूखाबाद।

पत्रांक- / / दिनांक

**पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार**
**प्रतिलिपिः-निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. मुख्य अभियन्ता (का0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कानपुर।
2. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कानपुर।
3. मुख्य विकास अधिकारी, फर्रूखाबाद।
4. जिला विकास अधिकारी, फर्रूखाबाद।
5. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), फर्रूखाबाद।
6. मै0 मेधज टैक्नो कोन्सेप्ट, डी0पी0एम0यू0, फर्रूखाबाद।
7. मै0 बी0एल0जी0, कस्ट्रक्शन सर्विसेज प्रा0लि0 टी0पी0आई0, फर्रूखाबाद।
8. मै0 जी0वी0पी0आर0 इंजी0लि0, हैदराबाद।
9. मै0 वी0टी0एल0 गजा इंजी0लि0 जे0वी0, नोएडा।

**जिलाधिकारी / अध्यक्ष**
**"जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन" समिति**
**फर्रूखाबाद**

Scanned with OKEN Scanner